Title: Demand to construct the Railway Crossing at the Kusmadi village on the Manmad-Secundrabad Section.

श्री हरीभाऊ शंकर महाले (मालेगांव) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से एक गम्भीर विाय की ओर रेल मंत्री जी का ध्यान आकर्ाित करना चाहता हूं। दक्षिण मध्य रेल मनमाड-सिकन्दराबाद रेल मार्ग पर सैक्शन अनकाई नगरसोठा स्टेशन कुसमाडी गांव के नजदीक तहसील येवला के ऊपर रेल रोड और रेल क्रासिंग नहीं है। यह नासिक महाराट्र में आता है। कुसमाडी गांव के नजदीक 10-12 बड़े-बड़े गांव आते हैं। यहां उपरोक्त मांग को लेकर कई बार मोर्चे निकाले जा चुके हैं जिसमें आमरण अनशन और रेल रोको आन्दोलन भी हो चुके हैं। सिकन्दराबाद रेल प्रशासन ने जल्दी से जल्दी रेल गेट बनाने का आश्वासन दिया था। परन्तु अभी तक गेट नहीं बना है। अत: मेरी विनती है कि उपरोक्त स्थान पर जल्दी से जल्दी रेलवे क्रासिंग तथा रेलवे फाटक बनाने की कृपा करें।